राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल को पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री डी॰एन॰ गौतम ने अपनी किताबें सादर भेंट की

पटना, 09 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री देवकी नन्दन गौतम ने आज राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात करते हुए उन्हें अपने द्वारा लिखित तीन पुस्तकें –(1) 'अद्वैत वेदांत से विश्वधर्म की ओर –ज्ञानमार्ग कर्मयोगी स्वामी विवेकानन्द' (2) 'अर्जुन का द्वन्द्व' एवं (3) 'कृष्ण कहें गीतासार' –सादर भेंट की।

महामहिम राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन–दर्शन तथा श्रीमद्भागवत गीता के संदेशों पर आधारित पुस्तकों की रचना के लिए श्री गौतम को साधुवाद देते हुए कहा कि एक सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी की भारतीय धर्म–संस्कृति के प्रति यह सारस्वत अनुरक्ति वस्तुतः प्रेरणादायी है।

मुलाकात के दौरान सेवानिवृत्त पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री डी॰एन॰ गौतम ने महामहिम राज्यपाल को इन पुस्तकों की प्रमुख विशेषताओं से भी अवगत कराया।

....